# RAJYA SABHA

*Wednesday, the* 2nd *August*, 2006/11 *Sravana*, 1928 *(Saka)*

The House met at eleven of the clock,

MR. CHAIRMAN in the Chair.

## RE. THE BOOK WRITTEN BY SHRI JASWANT SINGH

**श्री वीरेन्द्र भाटिया (उत्तर प्रदेश):** सभापति जी, मैं एक बहुत महत्वपूर्ण और शर्मनाक तथ्य उठाना चाहता हूं। ...(व्यवधान)...

**श्री सभापति:** यह क्वेश्चन ऑवर है। ...(व्यवधान)... आप क्वेश्चन ऑवर के बाद उठा लीजिएगा। ...(व्यवधान)...

**श्री वीरेन्द्र भाटिया:** सभापति महोदय, यह बहुत आवश्यक है। ...(व्यवधान)...

**श्री सभापति:** क्वेश्चन ऑवर के बाद उठा लीजिए ...(व्यवधान)... क्वेश्चन ऑवर के बाद ...(व्यवधान)...

**श्री वीरेन्द्र भाटिया:** जसवन्त सिंह जी की पुस्तक में ...(व्यवधान)... यह बहुत आवश्यक है। ...(व्यवधान)...

**श्री सभापति:** मैं बता रहा हूं कि इस समय नहीं करें। ...(व्यवधान)... मैं अलाऊ नहीं करूंगा। ...(व्यवधान)... Nothing will go on record. ...(*Interruptions*)...

**श्री वीरेन्द्र भाटिया:** *

**श्री सभापति:** यह तरीका नहीं है उठाने का...(व्यवधान)...कुछ भी रिकॉर्ड पर नहीं जाएगा। ...(व्यवधान)... क्वेश्चन नम्बर 141 ।...(व्यवधान)...

**श्री अमर सिंह:** *

**श्री वीरेन्द्र भाटिया:***

**श्री जय प्रकाश अग्रवाल (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली):** सर, प्रश्न संख्या 141 ...(व्यवधान)...

---

*Not recorded.

**श्री सभापतिः** यह टाइम नहीं है। ...(व्यवधान)...यह क्वेश्चन ऑवर है।...(व्यवधान)... क्वेश्चन ऑवर है।...(व्यवधान)...मैं सब समझता हूं।...(व्यवधान)...मैं अलाऊ नहीं करूंगा। ...(व्यवधान)...मैं आपको बता देता हूं...(व्यवधान)...आप एक मिनट सुनिए, सुनिए। ...(व्यवधान)...बैठिए, एक मिनट बैठिए।...(व्यवधान)...आप एक मिनट बैठिए।...(व्यवधान)... अमर सिंह जी, एक मिनट बैठिए।...(व्यवधान)...आप बैठिए, बैठिए।...(व्यवधान)...मैं आपको बहुत ही सम्मान के साथ कहना चाहता हूं कि आप क्वेश्चन ऑवर के बाद इसे उठा दीजिए ...(व्यवधान)...क्वेश्चन ऑवर के बाद में...(व्यवधान)...वह पुस्तक में लिखा है...(व्यवधान)... आपने भी पढ़ लिया...(व्यवधान)...आप मांग कर लीजिए।...(व्यवधान)...मेरे ऑफिस में आ जाइए और बात कर लीजिए।...(व्यवधान)...यह रिकॉर्ड में नहीं जा रहा है, इससे कोई मतलब नहीं है।...(व्यवधान)...बस, आपने जितना कहना था, कह दिया। अब बैठिए।...(व्यवधान)... Please take your seat. (*Interruptions*)... Please take your seat. वह सब पढ़ लिया हमने भी पढ़ लिया...(व्यवधान)... ठीक है।...(व्यवधान)...यह क्वेश्चन ऑवर में आप नहीं उठ सकते।...(व्यवधान)...आपके माननीय सदस्य...(व्यवधान)...आप बैठ जाइए। प्रश्न संख्या 141...(व्यवधान)...

**श्री जय प्रकाश अग्रवालः** सर, क्वेश्चन नम्बर, 141।

**श्री वीरेन्द्र भाटियाः** आपकी आज्ञा से इसे 12 बजे उठा लें।

**श्री सभापतिः** मेरी आज्ञा मान कहां रहे हो।...(व्यवधान)... मेरी आज्ञा मानी होती तो आपके माननीय नेता ...(व्यवधान)...हाउस में बात कर गए थे, आप इनका भी कहना नहीं मानते हो, तो गया कहीं दूर...(व्यवधान)...

**श्री वीरेन्द्र भाटियाः** सर, इनका तो कहना मानेंगे ही, आपका तो सबसे पहले मानेंगे ...(व्यवधान)...

**श्री सभापतिः** अगर मानेंगे तो देखिए, क्वेश्चन ऑवर में मैंबर्स के क्वेश्चंस होते हैं, मेरे नहीं हैं। ...(व्यवधान)...

---

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

### स्वतंत्रता सेनानी

*141. **श्री जय प्रकाश अग्रवालः** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज की तारीख के अनुसार स्वतंत्रता सेनानियों की राज्यवार संख्या क्या है;

(ख) क्या सरकार को स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों की दयनीय स्थिति की जानकारी है;